parts for electronic devices and instruments from Poland. There is, however no specific provision for import of physiographer from Poland.

Proposal to use "Physiographer" in Aeroplanes as a Safety Measure

4371 SHRI P M MEHTA
SHRI K LAKKAPPA

Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state

(a) whether a novel electronics device called 'Physiographer' as developed in Poland and used in aeroplanes for sofety is proposed to be used in our country and

(b) if so when?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR KARAN SINGH) (a) and (b) Our Civil Aviation Department has no information on a device called 'physiographer', nor is there any proposal for its use

राष्ट्रीय बचत दर मे कमी

4372 श्री ओंकार लाल बेरवा क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राष्ट्रीय बचत दर तीसरी पचवर्षीय योजना की अवधि की तुलना मे वर्ष 1970–71 मे कम हो गई थी

(ख) क्या यह दर वर्ष 1972–73 मे और कम हो गई है, और

(ग) यदि हा, तो इसके क्या कारण है ?

वित्त मंत्रालय मे राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) (क) जी, हा । 1970–71 मे बाजार मूल्यो पर शुद्ध आन्तरिक उत्पादन की तुलना मे शुद्ध आन्तरिक बचत के अनुपात का अनुमान तीसरी पचवर्षीय आयोजना के दौरान लगभग 10 प्रतिशत के अनुपात से कुछ कम अर्थात् 9 4 प्रतिशत लगाया गया है ।

(ख) 1972–73 के सम्बन्ध मे कोई जानकारी प्राप्त करना अभी समय-पूर्व होगा ।

(ग) तीसरी आयोजना के तुरत बाद के वर्षों मे राष्ट्रीय बचतो की दर मे जो गिरावट आई है उसका मुख्य कारण 1965–66 और 1966–67 के वर्षों मे राष्ट्रीय आय की वृद्धि मे शिथिलता आ जाना है । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तैयार किये अस्थायी अनुमानो के अनुसार राष्ट्रीय बचतो की दर मे 1968–69 से धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है और 1971–72 मे बाजार मूल्यो पर शुद्ध आन्तरिक उत्पादन की तुलना मे यह अनुपात 10 प्रतिशत था ।

जीवन बीमा निगम के फार्मों को अंग्रेजी और हिन्दी दोनो भाषाओ मे छापना

4373 श्री चिरंजीव झा क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या जीवन बीमा निगम के सभी फार्म अंग्रेजी मे छापे जाते है, और

(ख) यदि हा, तो इन फार्मों को अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी मे छापने मे क्या कठिनाई महसूस की जा रही है ?

वित्त मंत्रालय मे उपमंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) (क) जी, हा ।

(ख) बीमा प्रस्तावको और पालिसी-धारियो के आम उपयोग के फार्म और पालिसी-धारियो के साथ पत्र व्यवहार मे काम आने वाले कई फार्म हिन्दी मे भी छपे है ।